कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

पत्रांक– 1077 /14–1 (कैम्प चन्दौसी) दिनांक– 21– दिसम्बर 2017।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

विषयः– ग्राम चन्दावली तहसील व जिला सम्भल स्थित गाटा सं0–151/2 सम्भल–हसनपुर रोड पर इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 के प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पैट्रोल पम्प) के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि जनपद सम्भल के इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0, मुरादाबाद द्वारा ग्राम चन्दावली तहसील व जिला सम्भल स्थित गाटा सं0–151/2 सम्भल–हसनपुर रोड पर वांयी पट्री पर (रिटेल आउटलेट) पर वाहनों के आवागमन हेतु क्षेत्रफल 0.071528 है0 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है।

अतः वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में विषयक प्रस्ताव सम्भल वन प्रभाग, स्तर से वेवसाईट पर Part-II अपलोड कर दिया गया है, तथा प्रस्ताव 04 प्रतियों में संस्तुति सहित संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। कृपया अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही कर प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करना चाहें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

संख्या– 1077 / उक्तदिनांकित

प्रतिलिपि– एस0एम0 तुमाने, वरिष्ठ डिवीजनल रीटेल सेल्स मैनेजर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।